मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल – 462004

Website : www.mpmandiboard.co.in E-mail : eanugya@gmail.com Tel: 0755-2553429

क्रमांक/बी–5/2/ई–अनुज्ञा/2019–20/1321 भोपाल दिनांक 06 जनवरी 2020

प्रति,

श्री अभिषेक कुमार,
शाखा प्रबंधक,
राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नाफेड),
आईडीए बिल्डिंग, 13/14,
जवाहर मार्ग,
इंदौर–452007

विषयः–"नाफेड" द्वारा जारी Dispatch Order (DO) का ऑनलाईन डाटा उपलब्ध कराने संबंधी।

–0–

उल्लेखित विषय में भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एन.आई.सी.) की राज्य इकाई भोपाल के द्वारा मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल के सहयोग से प्रदेश की मण्डी समितियों के लिये एक Web based "ई–अनुज्ञा" पोर्टल को विकसित कर दिनांक 16/08/2019 से प्रदेश की समस्त 257 कृषि उपज मण्डी समितियों में क्रियान्वयन किया जा रहा है जिसमें शतप्रतिशत ई–अनुज्ञा बनाये जा रहे हैं।

आपकी संस्था द्वारा प्रदेश में समर्थन मूल्य पर खरीदी उपरांत भण्डारित अधिसूचित कृषि दलहन, तिलहन, कपास जिन्सों की निकासी के लिये आपकी संस्था द्वारा जारी Dispatch Order (DO) के आधार पर मण्डी फीस छूट प्रदान कर, मण्डी समितियों के द्वारा अनुज्ञा पत्र जारी किये जा रहे हैं। वर्तमान में आपकी संस्था से जारी Dispatch Order (DO) का ऑनलाईन डाटा मण्डी बोर्ड/मण्डी समितियों को उपलब्ध न होने से "मण्डी बोर्ड के "ई–अनुज्ञा" पोर्टल द्वारा एवं मण्डी समितियों को प्रस्तुत Dispatch Order (DO) को सत्यापित करने का कार्य संभव नहीं हो पा रहा है, जिससे इसके दुरुपयोग एवं मण्डी समितियों को वित्तीय हानि की संभावना बनी रहती है।

अतः अनुरोध है की आपकी संस्था से जारी Dispatch Order (DO) के डाटा को मण्डी बोर्ड के "ई–अनुज्ञा" पोर्टल पर दर्ज करने की सुविधा आपकी संस्था को लॉगिन आई.डी. के माध्यम से उपलब्ध कराई जा सकती है अथवा यह जानकारी आपकी संस्था के द्वारा मण्डी बोर्ड को MS Office के Excel साफ्टवेयर में उपलब्ध कराने एवं अद्यतन रखने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित को दिये जाने का अनुरोध है। आपका सहयोग हमें बेहतर, त्वरित एवं पारदर्शी सेवा प्रदाय करने में सहायक होगा।

(डॉ.केदार सिंह)
अपर संचालक/अपर कलेक्टर
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक / बी–5 / 2 / ई–अनुज्ञा / 2019–20 / 1322 भोपाल दिनांक 06 जनवरी 2020

प्रतिलिपि :–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(01) प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, कक्ष क्रमांक 212, द्वितीय तल, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।

(02) निज सहायक, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल (म0प्र0)।

(03) संयुक्त संचालक (नियमन) / सहायक संचालक (नियमन), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल (म0प्र0)।

(04) श्री मुशर्रफ सुल्तान, तकनीकी निदेशक, भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र, सी विंग, आधारतल, विंध्याचल भवन भोपाल।

अपर संचालक / अपर कलेक्टर
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल